| Amonium ferros Shulphate | 185 | 179 | 7.08 | 1 | 07-08 |
| Megnitium chloride | 444 | 434 | 11.80 | 1 | 11.80 |
| Poteshium di chromete | 704 | 685 | 22.42 | 1 | 22.42 |
| | | | | | 162.84 |

भौतिक विभाग के खुली निविदा साईस एण्ड सर्जिकल हाउस गंगानगर को जारी क्रयादेश में में इर्नशिया टेबल की निविदा में दी गई दर रू 1700 के स्थान पर 1770 अधिक दर से क्रयादेश जारी कर दिया गया है जिससे फर्म को 70 रू के अधिक भुगतान की वसूली कर राजकोष में जमा करवायी जावे।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 33705 | वसूली योग्य राशि | |

अतः उपरोक्त सारणी के क्रम सं 1से 8 के अनुसार जी.एफ.एण्ड.ए.आर, आर.टी.पी.पी. एक्ट, 2012 तथा आर.टी.पी.पी. नियम, 2013 के अनुसार क्रय प्रकरणों में पायी गयी कालम सं 4 अनुसार अनियमितताओं के संबध में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र सम्पादित करवा कर प्रगति/पालना से निदेशक निरीक्षण विभाग राजस्थान जयपुर को सूचित करावें।



Scanned with CamScanner

**अनुच्छेद संख्या 6 :– कार्यालयमें संधारित वसूलियो के रजिस्टर की समीक्षा :–**कार्यालय द्वारा संधारित अंकेक्षक आक्षेपो वसूलियो के रजिस्टर जी.ए. 60 की जाँच की गई तथा महालेखाकार एवं निदेशक, निरीक्षण विभाग के विशेष जाँच, आन्तरिक जाँच, भौतिक सत्यापन प्रतिवेदनो में अंकित वसूलियो के सम्बन्ध में किसी प्रकार का रजिस्टर संधारित होना नहीं पाया गया। वर्तमान में कोई जांच प्रतिवेदन में वसूली बकाया नही है। फिर भी सुझाव है कि कार्यालय द्वारा संधारित अंकेक्षक आक्षेपो वसूलियो के रजिस्टर जी.ए. 60 का विधिवत संधारण करवाया जावे तथा संबधित कार्मिक / पक्षकार से वसूली के संबध तत्काल कार्यवाही की जावे तथा यदि किसी अधिकारी/ कर्मचारी का स्थानान्तरण हो जाता है तो अधिकारी/कर्मचारी के स्थानान्तरण पर वसूली को उसकी अन्तिम वेतन प्रमाण–पत्र (L.P.C) में अंकित किये जावे। प्रकरण में पायी गयी अनियमितता संबध में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र सम्पादित करवा कर प्रगति/पालना से निदेशक निरीक्षण विभाग राजस्थान जयपुर को सूचित करावें।

**अनुच्छेद संख्या 7 :– यू जी सी मद एवं रूसा योजना के तहत प्राप्त अनुदान राशि में से आवश्यकता के आकलन करवाये बिना सामग्री का क्रय तथा उपलब्ध संसाधनों को पूर्ण उपयोग का अभाव**

आलोच्य लेखा परीक्षा अवधि में रूसा मद में प्राप्त अनुदान राशि से महाविद्यालय स्तर पर . आवंटित बजट में से इन्टरेक्टिव बोर्ड मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर वाटर डिस्पेंसर वाटर कूलर यूपीएस डेस्कटॉप कम्प्यूटर लेपटाप प्रिंटर आदि का क्रय किया गया है। उपलब्ध विभागीय पत्रावली/रिकॉर्ड की जांच में यह पाया गया है कि विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त अनुदान के तहत नवीन आईटमों के संबध में विभागीय क्रय योजना के प्रस्ताव व अनुमोदन महाविद्यालय स्तर पर ही तैयार की जाती है इस संबध में आयुक्तालय/ सरकार स्तर से कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किये जाते है। विभाग के स्थाई सामग्री की पंजिका जांच में पाया गया है कि महाविद्यालय के भण्डार में पूर्व में ही कई आईटम उपलब्ध होने के बावजूद उनकी मरम्मत व सर्विस आदि नही करवायी जाकर नवीन आईटम उक्त मद में कर लिये जाते है। क्रय से पूर्व उपलब्ध संसाधन व नवीन क्रय की आवश्यकता से संबधित आंकलन/ आरटीपी पी एक्ट अर्न्तगत प्रोक्योरमेंट प्लान तैयार करवा कर उपापन की कार्यवाही करना नहीं पायी गया है।

अतः वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु भण्डार का भौतिक सत्यापन करवाया जावे तथा भौतिक सत्यापन में मरम्मत योग्य सामान को उपयोग में लाए जाने हेतु मरम्मत करवायी जावे। जो सामान समय के साथ अप्रचलित / नाकारा हो उसे नियमानुसार निस्तारण की कार्यवाही की जावे तथा आरटीपी पी एक्ट अर्न्तगत प्रोक्योरमेंट प्लान तैयार करवा कर उपापन की कार्यवाही की जाकर पालना से निदेशक निरीक्षण विभाग को सूचित किया जावे।



Scanned with CamScanner

अनुच्छेद संख्या 8 :– पुस्तकालय में पुस्तकों के क्रय में पाई गई कमियॉ

शिक्षा निदेशक कालेज शिक्षा विभाग राजस्थान जयपुर के पत्रांक एफ 20 (63) / लेखा/ निकाशि/ 97/934 दिनांक 13–03–2001 द्वारा पुस्तक क्रय एवं निरतारण हेतु जारी निर्देशों के अनुसार आवंटित बजट के बेहतर उपयोग के लिए पुस्तकों की आवश्यकता का विभागाध्यक्ष की अनुशंसा पर प्राचार्य / उपाचार्य की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जावे। पुस्तकों का क्रय प्रतिष्ठित प्रकाशकों से करने के प्रयास किये जावें। पुस्तकों पर अधिकतम कमीशन प्राप्त करने के प्रयास किये जावें तथा किये गये प्रयासों का उल्लेख क्रय समिति की प्रोसिडिंग में भी किया जावे। इसके अतिरिक्त निदेशालय से जारी अन्य निर्देशों के अनुसार पुस्तकों के अजिल्द संस्करण छात्र संस्करण भारतीय संस्करण एवं कम मूल्य वाले पेपर बैक संस्करण को प्राथमिकता दी जाएगी। महाविद्यालय आलोच्य लेखा परीक्षा अवधि में राज पब्लिशिंग हाउस को 98056 रू रूसा मद में वाउचर सं 10 के तहत राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान (RUSA) के तहत प्राप्त निधियों से पुस्तकों का क्रय किया गया है । राज पब्लिशिगं कि इनवायस सं 217 व 219 द्वारा निम्न पुस्तकें सजिल्द हार्ड बाईड क्रय की गई है । बाल विकास एवं पारिवारिक संबध मूल्य रू 850*2=1700 योग आहार एवं स्वास्थ्य जिवानी मूल्य रू 1595 शिक्षण कला पाल मूल्य रू 780 शिक्षा तकनीक भार्गव मूल्य रू 980 शिक्षा मनोविज्ञान उपाध्याय मूल्य रू 900 आहार विज्ञान त्रिपाठी मूल्य रू 700 वस्त्र एवं परिधान भटट मूल्य 850*2=1700 योगा फोर ब्यूटी मूल्य रू 995 मेहता चाईल्ड डवेलपमेंट डीमान मेंटल हेल्थ एण्ड इलनेस रू 995 बिल सं 219 मे हेण्ड बुक आफ टेक्सटाईल रू 925 उपभोक्ता अर्थशास्त्र पटेल मूल्य 1195 रिटेल मार्केटिंग रू 1225 क्रय किया गया है

महाविद्यालय द्वारा पुस्तक क्रय हेतु अपनाई गई क्रय प्रक्रिया की नमूना जांच में पाया गया है कि महाविद्यालय की पुस्तकालय समिति द्वारा पुस्तकों के क्रय की कार्यवाही में निदेशालय द्वारा जारी आदेशों की निम्नानुसार पालना नहीं की जानी पाई गई है:–

1 महाविद्यालय की पुस्तकों हेतु गठित की गई क्रय समिति द्वारा अजिल्द व छात्र संस्करण को प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देशों की पालना नहीं की गई है तथा पुस्तक प्रदायकर्ता फर्मो को जारी कार्यादेश / बिल में अजिल्द/ सजिल्द संस्करण का विवरण उल्लेख नहीं किया गया है तथा फर्म ने बिल में यह प्रमाण पत्र अंकित नहीं किया गया है कि सजिल्द पुस्तकों के पेपर बैक संस्करण प्रकाशित नही हुआ है। **मंहगी कीमत की सजिल्द पुस्तकों की आवश्यकता के निर्धारण एवं पुस्तकों पर अधिकतम कमीशन प्राप्ति हेतु किये गये प्रयासों का उल्लेख क्रय समिति की प्रोसिंडिंग में आवश्यक रूप से किये जाने के निर्देशों का उल्लघंन किया जाना पाया गया है।**

फर्म से अव निदेशालय से निर्धारित समरत प्रमाण पत्र प्राप्त कर पालना के साथ भिजवाये जावे। भविष्य में निदेशालय द्वारा जारी निर्देश एवं सामान्य वित्तीय लेखानियम भाग ।। अध्याय ।। भण्डार क्रय नियम की प्रस्तावना एंव नियम 28 प्राप्ति हेतु वित्तीय औचित्य के स्तर के नियमों का विधिवत पालन किया जावे एवं पालना से निदेशक निरीक्षण विभाग को अवगत करवाया जावे।



Scanned with CamScanner

(2) पुस्तकालय के भौतिक सत्यापन वर्ष 2018–19 के प्रतिवेदन के अनुसार 21–3–2014 की 15 पुस्तके वर्ष 2014–15 की 30 पुस्तकें व 2016–17 की 43 पुस्तके रू 4570 अपलेखित की गई हैं। 2018–19 की 360 कम पायी गयी थी । कम पायी गयी पुस्तकों को यथा शीघ्र प्राप्त कर पुस्तकालय में जमा करवाये जाने संबधी कार्यवाही की जावे। जो पुस्तकें काफी लम्बे समय से मिसिंग है उनके नियमानुसार अपलेखन की कार्यवाही की जावे तथा पालना से निदेशक निरीक्षण विभाग को सूचित किया जावे।

Rajasthan Government officially promotes Hindi language, so most of the documents are in Hindi.

Scanned with CamScanner

# उपसंहार

आलोच्य लेखा परीक्षा अवधि 2018–19 हेतु **प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर** (राज0) कार्यालय में संधारित लेखाओं के आंतरिक निरीक्षण के उपरांत प्रतिवेदन में सम्मिलित तथ्यों एवं आपत्तियों पर विचार विमर्श किया गया तथा तथ्यों की पुष्टि की गयी। प्रतिवेदन का भाग ।।। सूक्ष्म अनियमितताओं एवं प्रकियात्मक सुधार से सम्बन्धित है, अलग से जारी किया जा रहा है सुझाव एवं बिन्दुओ की अनुपालना प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं होगी। विभाग के वरिष्ठतम लेखाधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध में अपेक्षित सुधारात्मक उपाय किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

प्राचार्य
हस्ताक्षर कार्यालयाध्यक्ष
राजकीय कन्या महाविद्यालय,
अजमेर

हस्ताक्षर दल प्रभारी
(गुलाब चन्द शर्मा)
सहायक लेखाधिकारी ।
प्रभारी आंतरिक जांच दल सं 1
निरीक्षण विभाग राजस्थान
मुख्यालय अजमेर

Rajasthan Government officially promotes Hindi language, so most of the documents are in Hindi.

Scanned with CamScanner

## भाग–III

**इस भाग में उन बिन्दुओं पर जाँच टिप्पणी अंकित की जायेगी जो सूक्ष्म अनियमितताओं एवं प्रकियात्मक सुधार से सम्बन्धित है, इस भाग में अंकित सुझाव एवं बिन्दुओ की अनुपालना प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं होगी। विभाग के वरिष्ठतम लेखाधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध में अपेक्षित सुधारात्मक उपाय किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।**

1 **पै मैनजर के माध्यम एवं आर टी जी एस के माध्यम से संबधित पक्षकार के बैंक खाते में भुगतान से संबधित बैंक विवरण को संबधित पक्षकार से प्रमाणितशुदा बैक विवरण प्राप्त कर बिल की कार्यालय प्रति के साथ नत्थी करवाये जाने के संबध में:–**

आलोच्य लेखापरीक्षा अवधि में भुगतान की नमूना जांच एफ वी सी बिल के माध्यम से फर्म / सप्लायर्स को उनके बिलों का भुगतान पे मेनेजर के माध्यम से फर्म के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है लेकिन इस प्रकार से हस्तांतरित राशि की फर्म से प्राप्ति रसीद /बैंक से संबधित प्रमाणित विवरण संबधित वाउचर के साथ नत्थी नहीं किया गया है। इस प्रकार पे मैनजर के माध्यम से एवं आर टी जी एस के माध्यम से संबधित पक्षकार के बैंक खाते में भुगतान से संबधित बैंक विवरण को संबधित पक्षकार से प्रमाणितशुदा बैक विवरण प्राप्त कर बिल की कार्यालय प्रति के साथ नत्थी नहीं किये जाते है।

अतः सुझाव है कि पे मेनेजर / आरटीजीएस / इ सी एस के माध्यम से पक्षकार के बिलों का पक्षकार के बैंक खाते में आनलाईन भुगतान के संबध में फर्म के बैंक विवरण को पक्षकार द्वारा प्रस्तुत बिल में ही मुद्रित करवाया जावे तथा यह सुनिश्चित किया जावे की फर्म द्वारा बिल पर अंकित विवरण अनुसार एफवीसी बिल से भुगतान किया जावे। यदि बैंक संबधी विवरण पक्षकार के बिल में अंकित नहीं किया जाता है तो फर्म से प्राप्त बैंक विवरण संबधी साक्ष्य का विधिवत अनुप्रमाणित दस्तावेज बिल की कार्यालय प्रति में भी संलग्न किया जावे/उचित प्रकार से रिकॉर्ड संधारण करवाया जावे।

2 **वेतन एंव भत्ते के बिलों की कार्यालय प्रति के साथ आदेश की प्रतियां संलग्न कर संधारित करने के संबध में:–**

आलोच्य लेखापरीक्षा अवधि के वेतन बिलों की जांच में पाया गया कि एरियर बिल की कार्यालय प्रतियों के साथ पूर्व में आहरित (Already drawn) वेतन व भत्ते की राशि का विवरण जी ए 55 ए , अनुपस्थिती विवरण , वेतन वृद्धि / एसीपी स्वीकृति के आदेश की प्रतियां नत्थी नहीं की जाती है। इन आदेशों को अलग अलग पत्रावलियों में संधारित किया जा रहा है। इससे वेतन एंव भत्तों को प्रभावित करने वाले आदेशों की पालना की सुनिश्चितता की लेखापरीक्षा में समस्या होती है। अतः भविष्य में वेतन बिलों की कार्यालय प्रति के साथ समस्त प्रकार के आदेश व अनुपस्थिती विवरण को संलग्न किया जावे ।



Scanned with CamScanner

3 सेवापुस्तिकाओं के संधारण में पायी गयी सामान्य कमियाँ

| क्रम सं | अधिकारी कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | जन्मतिथि प्रमाणित है अथवा नहीं | हस्ताक्षरों का पुन: प्रमाणीकरण है या नहीं | कालम सं 8 में कर्मचारी के हस्ताक्षर है या नहीं | DCRG के नामांकन पत्र / परिवार विवरण संलग्न हैं या नहीं | सेवा सत्यापन अद्यतन है या नहीं | उपार्जित अवकाश लेखा पूर्ण है या नहीं | HPL A/c पूर्ण है या नहीं | EOL की प्रविष्टि पूर्ण है या नहीं | EOL के लिए नियमानुसार PL कम की गई है या नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | डा श्रीमती रेणुका व्याख्याता | नहीं | नहीं | नहीं | हा | नहीं | हां | हा | – | – |
| 2 | श्री नीलकमल गौड़ कार्य सहा | हां | नहीं | नहीं | हा | हां | हां | नहीं | – | – |
| 3 | श्री ओमप्रकाश सेठी सहा लेखा । | हां | नहीं | नहीं | हा | हां | हां | हां | – | – |
| 4 | डा श्रीमती अलका पंवार व्याख्याता | हां | नहीं | नहीं | नहीं | हां | हां | हां | – | – |
| 5 | डा सत्येन्द्र कुमार जैन व्याख्याता | हां | नहीं | नहीं | नहीं | हां | हां | हां | – | – |
| 6 | डा योगेन्द्र कुमार व्याख्याता | हा | नहीं | नहीं | नहीं | हां | हां | हा | – | – |
| 7 | डा कल्पना वर्मा व्याख्याता | हां | नहीं | नहीं | नहीं | हां | हा | नहीं | – | नहीं |
| 8 | डा सुरेश सान्दू व्याख्याता | हां | नहीं | नहीं | नहीं | हां | हां | नहीं | – | नहीं |
| 9 | डा उमेश भार्गव व्याख्याता | हां | नहीं | हां | नहीं | हां | हां | नहीं | – | – |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |

नोट : समस्त कार्मिकों की जन्मतिथि पर नियमानुसार सैलो टेप लगायी जावे ताकि उसमें परिवर्तन की संभावना नहीं रहे।



Scanned with CamScanner

4 **रोकड़िये / भण्डारपाल की प्रतिभूति (फिडिलिटी गारंटी बांड) का अभावः–**

सामान्य वित्तीय एंव लेखा नियम भाग प्रथम के नियम 313 के अनुसार रोकड़पाल एंव भण्डार पाल का कार्य करने वाले कर्मचारी से फिडीलिटी गारंटी बांड प्राप्त करना आवश्यक है। इस प्रकार आलोच्य अवधि में रोकड़पाल द्वारा बिना फिडिलिटी गांरटी बांड प्रस्तुत करे रोकड़ संबधी कार्य सम्पादित किया जाना सूचित किया गया है । अतः फिडिलिटी गांरटी बांड रहित अवधि में राज्य सरकार को कोई वित्तीय हानि / चोरी गबन आदि नही होने का प्रमाण पत्र कार्यालयाध्यक्ष द्वारा जारी कर पालना से निदेशक निरीक्षण विभाग राजस्थान जयपुर को पालना से अवगत करवाया जावे।

6 **चालानों का कोषागार के लेखों से मिलान का अभाव :–**

सामान्य वित्तीय एंव लेखा नियम के खण्ड प्रथम के नियम 59 के अनुसार माह समाप्ति के बाद चालान जमा का विवरण तैयार कर कोषागार में जमा करायी गई राशि की शुद्वता के प्रमाण के लिए उसका मिलान करेगा। आलोच्य लेखा जांच अवधि में चालानों का कोषागार से सत्यापन नहीं करवाया गया है।

अतः सुझाव है चालानों का विवरण प्रेषित कर कोषागार से तत्काल सत्यापन की कार्यवाही सम्पादित करवायी जावे तथा पालना से आगामी जांच दल को अवगत करवाया जावे।

Rajasthan Government officially promotes Hindi language, so most of the documents are in Hindi.

Scanned with CamScanner

राजस्थान सरकार

निदेशालय निरीक्षण विभाग, राजस्थान, जयपुर

आन्तरिक जाँच प्रतिवेदन संख्या 80/2020-21

# भाग–I (अ)

प्रस्तावना :– सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम भाग–1 के नियम 12 (1) के प्रावधानानुसार विभागाध्यक्ष कार्यालय के लेखो की दिनांक 11–09–20 से 30–09–2020 तक की अवधि की आन्तरिक जाँच की गई। विभाग का मुख्य कार्य उच्च शिक्षण संस्थान के संचालन से संबधित है। जाँच अवधि में विभाग में कार्यरत अधिकारियो/कर्मचारियों का विवरण निम्न प्रकार है:–

1. विभाग का नाम :–प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर ।
2. कार्यालय के टेलीफोन नम्बर :– 0145–2627645
3. अंकेक्षण अवधि :– 2019–20
4. विभागाध्यक्षनाम व पद मय अवधि :–

| क्रम स | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री चेतन प्रकाश | का. प्राचार्य | 01-09-2017 to continue |

5. विभागाध्यक्ष का ई.मेल पता :– ggcajmer@gmail.com
6. विभाग के वरिष्ठतम लेखाधिकारी का नाम व पद मय अवधि :–

| क्रम स | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| – | – | – | – |

7. कार्यालयाध्यक्ष का नाम एवं अवधि :–

| क्रम स | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री चेतन प्रकाश | उपाचार्य | 01-09-2017 to continue |

8. आहरणवितरण अधिकारी का नाम व पद मय अवधि :–

| क्रम स | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री चेतन प्रकाश | उपाचार्य | 01-06-2017 to continue |

9. भण्डांर अधिकारी प्रभारी का नाम एवं अवधि:–

| क्रम स | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मीनाक्षी जैन | व्याख्याता गृहविज्ञान | 01-04-18 to continue |

10. सहायक लेखाधिकारी / लेखाकार भुगतान का नाम एवं अवधि

| क्रम स | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री ओमप्रकाश सेठी | सहायक लेखाधिकारी । | 27-05-2015 to continue |

Scanned with CamScanner

11. रोकड़पाल नाम मय अवधि :–

| क्रम स | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | डा. अरविंद कश्यप | व्याख्याता भौतिक शास्त्र | 01-01-2017 to continue |

12. भण्डारपाल नाम मय अवधि :–

| क्रम स | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती गरिमा राठौड़ | लिपिक ग्रेड II | 25-07-2016 to continue |

13. जाँच दल प्रभारी एवं सदस्यों के नाम :–

| क्रम स | नाम | | अवधि | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रभारी | श्री सुरेन्द्र कुमार जैन पद सहायक लेखाधिकारी। | सम्पूर्ण | |
| 2 | सदस्य | श्री अशोक कुमार मीणा पद कनिष्ठ लेखाकार | सम्पूर्ण | |

**14.** जाँच कार्य अवधि दिनांक 11–09–2020 से 30–09–2020 तक कुल कार्य दिवस– 16
विस्तृत जाँच के माह– मार्च, मई, सितम्बर व नवम्बर

हस्ताक्षर प्रभारी..............
जाँच दल सं. सहायक लेखाधिकारी
दिनांक.......... निरीक्षण विभाग राजस्थान
भौ.स.द. संख्या–प्रथम, मु.–अजमेर

Scanned with CamScanner

# भाग–1 (ब)

इस भाग में उन बिन्दुओं की सूचनात्मक स्थिति अंकित की जायेगी जिनमें कोई अनियमितता नहीं पायी गयी है तथा जिनकी अनुपालना प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं है।

1. गत निरीक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा :–

महालेखाकार एवं निरीक्षण विभाग के आन्तरिक जाँच, विशेष जाँच, भौतिक सत्यापन प्रतिवेदनों के बकाया आक्षेपो की समीक्षा की गई। परिणाम निम्न प्रकार रहे:–

**महालेखाकार/निरीक्षण विभाग की जाँच प्रतिवेदन**

| प्रतिवेदन संख्या | प्रथम अनुपालन । प्राप्त अथवा नहीं | कुल बकाया आक्षेप | निरीक्षण दल द्वारा समीक्षा उपरान्त निरस्त हेतु प्रस्तावित अनुच्छेदों का विवरण | बकाया आक्षेप जिन्हें वर्तमान/नवीन प्रतिवेदन में सम्मिलित किया गया, का विवरण | | निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन समीक्षा उपरान्त बन्द करने की अनुशंषा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पूर्व जाँच प्रतिवेदन वर्ष एवं अनुच्छेद संख्या | वर्तमान अनुच्छेद की संख्या | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| महालेखाकार निरीक्षण प्रतिवेदन(समस्त) | | | | | | |
| 4/09 to 3/15 | प्रेषित | 02 | – | – | – | – |
| योग 1 प्रतिवेदन | | 02 | | | | |
| निरीक्षण विभाग के आंतरिक जांच प्रतिवेदन (निदेशालय) | | | | | | |
| 4/12 to 3/17 | प्रेषित | 05 | – | – | – | – |
| 4/17 to 3/18 | प्रेषित | 03 | | | | |
| 4/18 to 3/19 | प्रेषित | 08 | | | | |
| 03 प्रतिवेदन | | 16 | | | | |
| भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन (निदेशालय) | | | | | | |
| | | | | | | |
| 0प्रतिवेदन0 पैराज | | | | | | |

2 **प्रपत्रों की सूचना :–**

आन्तरिक जाँच के 14 प्रपत्रों के सम्बन्ध में विभाग से प्राप्त सूचना निम्नानुसार है:–

| क्र.स. | प्रपत्र सं. | प्रपत्र का विवरण | प्रकरणों का विवरण | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | वर्ष बजट प्रावधान के उपयोग की स्थिति | – | आधिक्य/बचत का विवरण संलग्न है। |
| 2 | 2 | महालेखाकार के बकाया आक्षेप | प्रतिवेदन की संख्या 1 | बकाया आक्षेप 2 |
| 3 | 3 | बकाया अंकेक्षण आपत्तियां | संख्या 0 | राशि रू 0 |
| 4 | 4 | ए.सी. एवं डी.सी. बिलो की स्थिति | – | – |
| 5 | 5 | विभागीय आन्तरिक जाँच दलों की उपयोगिता का विवरण | –लागू नही– | निरीक्षणों की कुल संख्या 0 |
| 6 | 6 | निरीक्षण विभाग के आन्तरिक जाँच प्रतिवेदन | प्रतिवेदन की संख्या 3 | बकाया आक्षेपो की संख्या 16 |
| 7 | 7 | चोरी, कपट, हानि एवं गबन के मामलो की स्थिति का विवरण | – | कुल प्रकरणों की संख्या 1 |

Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | (आग लगना) | | |
| 8 | 8 | लंबित पेंशन प्रकरण | प्रकरणों की संख्या 1 | — |
| 9 | 9 | लंबित वेतन स्थितिकरण | प्रकरणों की संख्या 0 | — |
| 10 | 10 | विभागीय जाँच एवं निलम्बन के मामलो की स्थिति | — | प्रकरणो की संख्या 0 |
| 11 | 11 | महालेखाकार के ड्राफ्ट पैरा की स्थिति | प्रकरणों की संख्या 0 | राशि 0 |
| 12 | 12 | भौतिक सत्यापन प्रमाण पत्र भेजने की स्थिति | 2019–20 अप्रेषित | पत्रांक दिनांक |
| 13 | 13 | निरीक्षण विभाग के भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन | प्रतिवेदन संख्या 0 | बकाया आक्षेपो की संख्या 0 |
| 14 | 14 | महालेखाकार को भंडार लेखे भेजने की स्थिति | –लागू नही– | पत्रांक/दिनांक |

उक्त सूचना के सम्बन्ध में क्रमशः अनुलग्नक 1 से 14 संलग्न है।

3 **बजट अनुमानों का संग्रह, निधियों का आवंटन तथा व्यय नियंत्रण एवं राशियों की वसूली :–**
कार्यालय के बजट अनुमानों के संग्रह, निधियों का आवंटन, व्यय के नियंत्रण एवं प्राप्तियों की वसूली की नमूना जाँच की गयी तथा विभाग द्वारा उपलब्ध करवायी गयी सूचना के आधार पर सही पाये गये।

4 **अधिकारियो/कर्मचारियों के यात्रा भत्ता बिल्स की जाँच :–**
जाँच अवधि से सम्बन्धित कार्यालय के 20 प्रतिशत यात्रा बिल्स की विस्तृत जाँच की गयी तथा किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गयी।

5 **क्रय सम्बन्धी प्रकरणों की जाँच :–**
कार्यालय के जाँच अवधि के सामान्य वित्तीय एवं लेखानियम, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के तहत माल (Goods), संकर्म (works), सेवाये (services) के उपापन (Procurement) (अनुदान पर उपलब्ध करवाई जा रही सामग्री) से सम्बन्धित क्रय प्रकरणो की जाँच की गयी तथा 1.00 लाख रू से अधिक की किसी प्रकार की क्रय संबध कार्यवाही कार्यालय स्तर पर सम्पादित/भुगतान नही किये जाने के कारण अनियमितता नहीं पाई गयी।

6 **विभाग द्वारा स्वीकृत किये गये अनुदानों की समीक्षा:–**
जाँच अवधि में कार्यालय द्वारा स्वीकृत किये सभी प्रकार के अनुदान सम्बन्धी प्रकरणों की विभाग द्वारा सूचना शून्य उपलब्ध करवायी गयी है। अतः किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गयी।

7 **कार्यालय के वाहनो की लॉग बुको की समीक्षा:–**
कार्यालय को कोई भी वाहन का आवंटन नही है तथा न ही इस संबध में बजट का आवंटन है। अतः इससे संबधित सूचना शून्य होने कार्यालय के सभी वाहनो की लॉग बुको की जाँच अनियमितता की सूचना शून्य पाई गई।

8 **संविदा नियुक्तियो की स्वीकृतियो की समीक्षा:–**
विभाग में संविदा पर नियुक्त सलाहकारो (consultant)एवं अन्य की स्वीकृतियो की समीक्षा द्वारा विभाग उपलब्ध करवाई गई सूचना से की गई एवं किसी प्रकार का अनियमितता नहीं पाई गई।

9 **किराये के वाहनो की स्वीकृति, कम्प्यूटर (मयऑपरेटर) किराये पर लिये जाने की स्वीकृतियो की समीक्षा:–**
विभाग में किराये के वाहनो की स्वीकृति, कम्प्यूटर (मयऑपरेटर) किराये पर लिये जाने की स्वीकृतियो की समीक्षाविभाग उपलब्ध करवाई गई सूचना से की गई की गई एवं किसी प्रकार का अनियमितता नहीं पाई गई।

10 **राजस्थान (लोक सेवाओं मे नियुक्तियों का नियमन और स्टॉफ का सुव्यवस्थिकरण) अधिनियम 1999 के तहत नियुक्तियों, पदो के सृजन, वेतन भत्तों, परिलब्धियों, मानदेय एवं प्रतीकारात्मक भत्तों की जाँच–**

Scanned with CamScanner

जाँच अवधि में कार्यालय द्वारा की गई नियुक्तियों, सृजित पदो, भुगतान किये गये वेतन भत्तों, परिलब्धियों, मानदेय एवं प्रतीकारात्मक भत्तो की राजस्थान (लोक सेवाओं मे नियुक्तियों का नियमन और स्टॉफ का सुव्यवस्थिकरण) अधिनियम 1999 के तहतजाँच के संबध में विभाग उपलब्ध करवाई गई सूचनाशून्य सूचित की गयी अतः किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गयी।

11 **सूचना आयोग द्वारा सूचना के अधिकार के तहत आरोपित शास्ति/क्षतिपूर्ति की सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी से वसूली की जाँच–**

जाँच अवधि में कार्यालय द्वारा सूचना आयोग द्वारा सूचना के अधिकार के तहत आरोपित शास्ति/क्षतिपूर्ति की सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी से वसूल की गईराशि की जाँच के संबध में विभाग उपलब्ध करवाई गई सूचनाशून्य सूचित की गयी अतः किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गयी।

12 **निविदा द्वारा क्रय के समय निविदा दाताओ से ली गई निविदा शुल्क, राजकॉम्प की निविदा प्रोसेसिंग शुल्क, बोली प्रतिभूति (Bid Security)एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Performance Security) की जाँचः–**

जाँच अवधि में कार्यालय द्वारा निविदा द्वारा क्रय के समय निविदा दाताओ से ली गई निविदा शुल्क, राजकॉम्प की निविदा प्रोसेसिंग शुल्क,बोली प्रतिभूति (Bid Security)एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Performance Security)के राजकोष में जमा किये जाने तथा असफल बोली लगाने वालो की बोली प्रतिभूति (Bid Security) के प्रतिदाय(Refund)तथा अनुबन्ध पूर्ण होने पर कार्य सम्पादन प्रतिभूति का नियमानुसार प्रतिदाय (Refund)तथा नियमानुसार प्रतिदाय(Refund) निविदा प्रोसेसिंग शुल्क के राजकॉम्प में जमा करवाया जाने की सूचना शून्य सूचित की गई अतः सही पाया गया।

Rajasthan Government officially promotes Hindi language, so most of the documents are in Hindi.

Scanned with CamScanner

# भाग–II

इस भाग में उन बिन्दुओं पर आक्षेप गठित किये जायेगे जिनके सम्बन्ध में अनियमितता पायी गयी है।

**अनुच्छेद संख्या 1 :—नकद शेष का सत्यापन**

कार्यालय के नकद शेष की आकस्मिक जाँच दिनांक 11/09/2020 को की गयी, जिसके परिणाम निम्नानुसार रहे :—

| क्र.सं. | रोकड़ बही का नाम | अन्तिम शेष | अन्तिम प्रविष्टि दिनांक | सत्यापित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर | | |
| 1 | राजकीय रोकड़ बही | रू 1100 | 10-9-2020 | रू 1100 |
| 2 | छात्रनिधि रोकड़ पुस्तिका | रू 11143 | 10-9-2020 | रू 11143 |
| 3 | रूसा बैंक खाता सं (CD A/c) PNB 0008002100062430 | रू 0 | 1-4-2020 | रू 0 |
| 4 | यूजीसी बैंक खाता सं Canara bank 2134101013614 | रू 0 | 1-4-2020 | रू 0 |
| 5 | सर्विस पोस्टेज | कैशियर – रू 19200 | 11-7-2020 | कैशियर – रू 19200 |

आलोच्य लेखा परीक्षा अवधि 2019 से 2020 में राजकीय रोकड़ बही की जांच करने पर निम्न कमियां पाई गई है :—

(i) सामान्य वित्तीय एंव लेखा नियम खण्ड प्रथम के नियम 50(1)(प) के अनुसार कार्यालयाध्यक्ष प्रत्येक माह के अंत में रोकड़पुस्तिका में नकद शेष सत्यापित करेगा तथा इस संबध में प्रमाण पत्र अभिलिखित करके उस पर हस्ताक्षर मय दिनांक करेगा एंव नियम 50(1)(ii) के अनुसार कार्यालयाध्यक्ष द्वारा माह में एक बार आकस्मिक जांच कर रोकड़ पुस्तिका में नकद शेष का सत्यापन करेंगे।

(ii) सामान्य वित्तीय एंव लेखा नियम 48 के अनुसार प्रपत्र जी ए 51 में मनीआर्डर, चैकों, ड्राफ्टों आदि का एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा। सभी धनसंबधी लेनदेन जैसे ही पूरे किये जाएं, रोकड़ पुस्तिका में दर्ज किये जाएगें तथा जांच करने के प्रमाणस्वरूप कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उन्हें अभिप्रमाणित किया जाएगा । आलोच्य लेखापरीक्षाअवधि के लिए जी ए 51 में मनीआर्डर, चैकों , ड्राफ्टों आदि का एक रजिस्टर संधारित नहीं किया गया है।

आलोच्य लेखा परीक्षा अवधि में राजकीय रोकड़ बही में अंकित प्रमाण पत्रों पर मय तिथी हस्ताक्षर अंकित नहीं किये जा रहे है। अतः सुझाव है कि कार्यालयाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक माह के अंत में रोकड़पुस्तिका में नकद शेष सत्यापित कर इस संबध में प्रमाण पत्र अभिलिखित करके उस पर हस्ताक्षर मय दिनांक किया जावे तथा माह में एक बार रोकड़ पुस्तिका की आकस्मिक जांच कर नकद शेष के सत्यापन की कार्यवाही सम्पादित की जावे एवं पालना रिपोर्ट से निदेशक निरीक्षण विभाग राजस्थान जयपुर को अवगत करवाया जावे।



Scanned with CamScanner

**अनुच्छेद संख्या 2 :– एफ.वी.सी. बिल्स की जाँच :–**

विस्तृत जाँच माह मार्च व अन्य तीन माह के कार्यालय के सभी एफ.वी.सी. बिल्स की जाँच की गई है एवं निम्न अनियमिततायें पाई गई:–

| क्र. स | एफ वी सी बिल नं0 व दिनांक | अनियमितता का संक्षिप्त विवरण | नियम जिसकी पालना नहीं की गई है | अनियमितता की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 18/ 17-9-19 | विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत राशि प्राप्ति का अभाव । राशि 1,48,848/– | जिला परिषद अजमेर द्वारा नवीन राजकीय महाविद्यालय अराईं हेतु विधायक कार्यक्रम में छात्रों के अध्ययन हेतु 100 कुर्सी टेबल क्रय हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। राजकीय महाविद्यालय अराईं के कार्यकारी प्राचार्य इस महाविद्यालय के प्राचार्य थे। जिसके तहत 100 कुर्सी एवं टेबल क्रय कर 1,48,848/– रूपये का भुगतान राजकीय कन्या महाविद्यालय विकास समिति से किया गया। जबकि उक्त राशि जिला परिषद द्वारा प्राप्त कर भुगतान किया जाना चाहिए था। इस सम्बंध में जानकारी पर अवगत करवाया कि राशि 1,20,000/– रूपये जिला परिषद द्वारा प्राप्त हुए हैं जो कि इस महाविद्यालय के रूसा के खाते में जमा हैं तथा शेष राशि 30,000/– रूपये अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। अतः रूसा के खाते में रखी हुई राशि विकास समिति के पी.डी. खाता में जमा की जाये एवं जिला परिषद से शेष राशि 30,000/– महाविद्यालय प्राप्त कर विकास समिति के खाते में जमा करवा कर पालना से निरीक्षण विभाग को अवगत करावें। | 1,48,848 रू |
| 2 | 29/ 9-12-19 | फर्म को अनियमित भुगतान राशि 7580/– रूपये | महाविद्यालय द्वारा परिसर में दीमक व मच्छर ट्रीटमेंट हेतु कोटेशन आमंत्रण दिनांक 18/09/2019 को जारी किए गए जिसमें न्यूनतम दरदाता फर्म द्वारा दीमक ट्रीटमेंट की दर 8/– प्रति वर्ग फीट, वुडन स्प्रे की दर 5000/– रूपये प्रस्तुत की एवं अन्य कोई कर आदि का उल्लेख नहीं किया जिसके आधार पर महाविद्यालय द्वारा पत्रांक 1441 दिनांक 2/10/2019 द्वारा मैसर्स अजमेर पेस्ट कंट्रोल सर्विसेज को कार्यादेश जारी किया । फर्म द्वारा कार्य पूर्ण कर बिल संख्या 237 दिनांक 21/10/2019 प्रस्तुत किया । जिसमें पेस्ट कंट्रोल स्प्रे की दर 7000/– रूपये व दीमक ट्रीटमेंट की राशि 24000/– रूपये | 7580/– |

Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | कुल 31000/- रूपये पर 18 प्रतिशत जीएसटी 5580/- रूपये सम्मिलित कर 36580/- रूपये का बिल प्रस्तुत किया। जिसका भुगतान इस बिल द्वारा किया गया। फर्म द्वारा प्रस्तुत की गई दर एवं कार्यादेश के अनुसार पेस्ट कंट्रोल स्प्रे की दर 5000/- थी जिसके स्थान पर फर्म द्वारा 7000/- रूपये का बिल प्रस्तुत किया तथा कोटेशन एवं कार्यादेश में जीएसटी का कोई उल्लेख नहीं होने पर भी 5580/- रूपये बिल में सम्मिलित किए गए। इस प्रकार फर्म को 7580/- रूपये का अनियमित रूप से अधिक भुगतान किया गया। अतः उक्त राशि सम्बंधित फर्म से वसूल कर पालना से अवगत करावें। | |
| कुल योग | | | | 156428/- |

अतः उपरोक्त सारणी के क्रम सं 1 व 2 अनुसार पायी गयी कमियों के संबध में कालम सं 4 अनुसार आवश्यक कार्यवाही शीघ्र सम्पादित करवा कर प्रगति/पालना से निदेशक निरीक्षण विभाग राजस्थान जयपुर को सूचित करावें।

**अनुच्छेद संख्या 3 :-अधिकारियों/कर्मचारियो की सेवा पुस्तिका, व्यक्तिगत पत्रावलियों एवं वेतन निर्धारण सम्बन्धी प्रकरणों की जाँच :-**

(i) जाँच अवधि से सम्बन्धित कार्यालय के निम्न अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, व्यक्तिगत पत्रावली एवं वेतन निर्धारण सम्बन्धी प्रकरणों की नमूना जाँच की गयी तथा निम्न प्रकार की अनियमितता पाई गयी:-

| क्र.स | अधिकारियो/ कर्मचारियो के नाम | अनियमितता का संक्षिप्त विवरण | अनियमितता की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री नरेन्द्र निर्वाण व्याख्याता को प्रोबेशन समाप्ति पर वेतन का गलत निर्धारण से अधिक भुगतान राशि 159596 रू | सेवा पुस्तिका की जाच मे पाया की श्री नरेन्द्र निर्वाण की नियुक्ति राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित होने पर व्याख्याता के पद पर दो वर्ष के प्रोबेशन पर की गई जिसके संदर्भ मे श्री निर्वाण ने दिनाक 21.01.2009 को उपस्थिति प्रस्तुत की।<br>श्री निर्वाण पूर्व मे स्कूल शिक्षा विभाग मे वरिष्ठ अध्यापक के पद पर पे बेन्ड 9300-34800 ग्रेड पे 4200 मे 18230 रूपये वेतन प्राप्त कर रहे थे तथा श्री निर्वाण ने प्रोबेशन अवधि मे पूर्व सेवा का वेतन लेने का विकल्प लिया। श्री निर्वाण को दिनाक 01.07.10 को वेतन वृद्धि देकर वेतन वृद्धि देकर 18780/- रूपये वेतन किया गया। श्री निर्वाण को दो वर्ष का प्रोबेशन पूर्ण होने पर प्राचार्य एस.डी. राजकीय महाविद्यालय ब्यावर द्वारा अनुसुचि 4 के तहत पे बेण्ड 15600-39100 ग्रेड पे 6000 मे 21600 रूपये वेतन निधारित किया गया।<br>वित विभाग राजस्थान की अधिसुचना कमाक एफ 14 (1) एफ.डी. (नियम) 2009 दिनाक 12.10.2009 के द्वारा राजकीय महाविद्यालयो मे कार्यरत व्याखाता को संशोधित वेतनमान दिनाक 01.01.06 से दिया गया जिसके नियम संख्या 17 के अनुसार राजकीय महाविद्यालय के व्याखाता जो | 159596 रू |



Scanned with CamScanner

की पूर्व मे राजस्थान सरकार के अधिन नियमित रूप से कार्यरत है ओर उनकी नियुक्ति अन्य पद पर प्रोबेशनर ट्रेनि के रूप मे होती है एवं उसके द्वारा पूर्व पद के वेतन लिये जाने का विकल्प लिया जाता है । तो प्रोबेशन अवधि संतोषप्रद रूप से पूर्ण होने पर उसका वेतन नये पद के रनिंग पे बेण्ड मे पूर्व पद के वेतन को समान स्तर पर एकेडमीक ग्रेड पे पर वेतन नियतन किया जायेगा । इस प्रकार श्री निर्वाण का वेतन पूर्व पद के वेतन 14580 ग्रेड पे 6000 कुल 20580 रू पर वेतन नियतन किया जाना चाहिए था ।

| क.स. | दिनाक | वेतन जो नियतन कर दिया गया | वेतन जो दिया जाना चाहिए था | वेतन जो दिया जाना चाहिये था |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.1.11 | 21600 | 20580 | 18360 |
| 2 | 1.7.12 | 22250 | 21200 | 18920 |
| 3 | 1.7.13 | 22920 | 21840 | 19490 |
| 4 | 1.7.14 | 23610 | 22500 | 20080 |
| 5 | 21.1.15 | 25320 | 24120(वरिष्ठ वेतनमान ग्रेड पे 7000) | |
| 6 | 1.7.15 | 26080 | 24910 | |
| 7 | 1.7.16 | 26870 | 25660 | |

इस प्रकार निमानुसार श्री निर्वाण को प्रोबेशन के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर नियम 17 के विपरीत वेतन निर्धारण कर वेतन का अधिक भुगतान किया गया । जिसका विवरण परिशिष्ट 1 पर संलग्न है। अतः श्री निर्वाण को अधिक भुगतान की गई राशि 159596 रू वसूल कर पालना से निरीक्षण विभाग को अवगत करावें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | श्री अमित राजवंशी व्याख्याता को प्रोबेशन समाप्ति पर वेतन का गलत निर्धारण से अधिक भुगतान राशि 336730/– | सेवा पुस्तिका की जाच मे पाया की श्री अमित राजवंशी की नियुक्ति राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित होने पर व्याख्याता के पद पर दो वर्ष के प्रोबेशन पर की गई जिसके संदर्भ मे श्री राजवंशी ने दिनाक 15.07.2012 को उपस्थिति प्रस्तुत की।<br>श्री राजवंशी पूर्व मे स्कूल शिक्षा विभाग मे वरिष्ठ अध्यापक के पद पर पे बेन्ड 9300–34800 ग्रेड पे 3600 मे 11880 रूपये वेतन प्राप्त कर रहे थे तथा श्री राजवंशी ने प्रोबेशन अवधि मे पूर्व सेवा का वेतन लेने का विकल्प लिया । श्री राजवंशी को दिनाक 01.07.13 व 1.7.14 को वेतन वृद्वि देकर क्रमशः वेतन 14110/– व 14540/– रूपये वेतन किया गया । श्री अमित राजवंशी को दो वर्ष का प्रोबेशन पूर्ण होने पर प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय पाली द्वारा अनुसुचि 4 के तहत पे बेण्ड 15600 –39100 ग्रेड पे 6000 मे 21600 रूपये वेतन निधारित किया गया ।<br>वित विभाग राजस्थान की अधिसुचना क्रमाक एफ 14 | 336730 रू. |

Scanned with CamScanner

(1) एफ.डी. (नियम) 2009 दिनाक 12.10.2009 के द्वारा राजकीय महाविद्यालयो मे कार्यरत व्याखाता को संशोधित वेतनमान दिनाक 01.01.06 से दिया गया जिसके नियम संख्या 17 के अनुसार राजकीय महाविद्यालय के व्याखाता जो की पूर्व मे राजस्थान सरकार के अधिन नियमित रूप से कार्यरत है ओर उनकी नियुक्ति अन्य पद पर प्रोबेशनर ट्रेनि के रूप मे होती है एवं उसके द्वारा पूर्व पद के वेतन लिये जाने का विकल्प लिया जाता है । तो प्रोबेशन अवधि संतोषप्रद रूप से पूर्ण होने पर उसका वेतन नये पद के रनिग पे बेण्ड मे पूर्व पद के वेतन को समान स्तर पर एकेडमीक ग्रेड पे पर वेतन नियतन किया जायेगा । इस प्रकार श्री राजवंशी का वेतन पूर्व पद के वेतन 10940/- ग्रेड पे 6000 कुल 16940/- रू पर वेतन नियतन किया जाना चाहिए था ।

| क. स. | दिनाक | वेतन जो नियतन कर दिया गया | वेतन जो दिया जाना चाहिए था | वेतन जो दिया जाना चाहिये था |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 15.7.14 | 21600 | 16940 | 18360 |
| 2 | 1.7.15 | 22250 | 17450 | 18920 |
| 3 | 1.7.16 | 22920 | 17980 | 19490 |

इस प्रकार निमानुसार श्री राजवंशी को प्रोबेशन के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर नियम 17 के विपरीत वेतन निर्धारण कर वेतन का अधिक भुगतान किया गया । जिसका विवरण परिशिष्ट 1 पर संलग्न है। अतः श्री राजवंशी को अधिक भुगतान की गई राशि 336730 रू. वसूल कर पालना से निरीक्षण विभाग को अवगत करावें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | कुल योग | 496326 रू |

अतः उपरोक्त सारणी के क्रम सं 1 से 2 के अनुसार पायी गयी अनियमिततओं के संबध में कालम सं 4 अनुसार आवश्यक कार्यवाही शीघ्र सम्पादित करवा कर प्रगति/पालना से निदेशक निरीक्षण विभाग राजस्थान जयपुर को सूचित करावें।

**अनुच्छेद संख्या 3(1) :— प्रोबेशन अवधि में उपार्जित अवकाश गलत तरीके से दिया जाना :—**

सेवा पुस्तिकाओं की जॉच में पाया कि प्रोबेशन अवधि में उपार्जित अवकाश अर्जित बताई जाकर सेवा पुस्तिका में अवकाश लेखों में जोड़ी गई है। Revision of pay scale of teacher including librian and PTI of Govt College की अधिसूचना 12.10.2009 के शिड्यूल 3 नियम 16 के अनुसार प्रोबेशन अवधि में कर्मचारी को केवल 12 आकस्मिक अवकाश देय हैं तथा किसी प्रकार का कोई अन्य अवकाश देय नहीं है। सेवा पुस्तिका में जॉच में पाया कि श्री नरेन्द्र निर्वाण व डॉ. अमित राजवंशी को प्रोबेशन अवधि में उपार्जित अवकाश 30—30 दिवस जोड़ा गया है जो कि अनियमित है। अतः उक्त कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका के अवकाश लेखों में उक्त उपार्जित अवकाश कम किया जाकर पालना से निरीक्षण विभाग को अवगत करावें।

Scanned with CamScanner

अनुच्छेद संख्या 4 :—वेतन, विशेष वेतन, बोनस, समर्पित अवकाश एवं मानदेय की जांच :—

जाँच अवधि से सम्बन्धित कार्यालय के 20 प्रतिशत वेतन, विशेष वेतन, बोनस, समर्पित अवकाश एवं मानदेय की नमूना जाँच की गयी तथा निम्न प्रकार की अनियमितता पाई गयी:—

| क्र.स. | अधिकारियो/कर्मचारियो के नाम | अनियमितता का संक्षिप्त विवरण | अनियमितता की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री ओम प्रकाश वैष्णव पुस्तकालयाध्यक्ष को वेतनमान 2018 के एरियर में मकान किराया भत्ता व शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता का अनियमित भुगतान राशि 65,738/— | कॉलेज लेक्चरार लाईब्रेरियन व पीटीआई के लिए संशोधित वेतनमान नियम 2018 के तहत माह अक्टूबर 2017 से जुलाई 2018 का वेतन एरियर बिल संख्या 39 दिनांक 08/09/2019 के द्वारा भुगतान किया गया। जिसकी जाँच में पाया कि श्री वैष्णव को मकान किराया भत्ता वाई श्रेणी के शहर में पदस्थापन का मानकर 16 प्रतिशत देय बताकर भुगतान किया गया। जबकि इनकी सेवा पुस्तिका अनुसार श्री वैष्णव इस महाविद्यालय में 9/7/2018 को उपस्थिति दी इससे पूर्व कन्या महाविद्यालय भीलवाड़ा में कार्यरत थे जो कि जेड श्रेणी का शहर था जहां पर 8 प्रतिशत व वेतनमान 2009 में 10 प्रतिशत मकान किराया भत्ता देय था। परन्तु वेतन एरियर में वाई श्रेणी स्थान पर पदस्थापन मानकर क्रमशः 16 प्रतिशत देय व पूर्व में 20 प्रतिशत दिया हुआ मानकर एरियर भुगतान किया गया तथा उक्त अवधि में शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता के अन्तर का भी भुगतान किया गया। जबकि भीलवाड़ा में शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता देय नहीं है। इस प्रकार माह अक्टूबर 2017 से जून 2018 तक 8 प्रतिशत दर से 13312/— रुपये मकान किराया भत्ता देय था तथा पूर्व में 6430/— रुपये दिया गया। इस प्रकार 6882/— रुपये एरियर प्रतिमाह देय था परन्तु 16 प्रतिशत दर से 26624/— रुपये देय बताकर तथा 12860/— पूर्व भुगतान बताया जाकर 13764/— रुपये प्रतिमाह मकान किराया भत्ता का एरियर दिया गया। अतः अधिक भुगतान अक्टूबर 2017 से जून 2018 तक 6882/— रुपये प्रतिमाह से राशि 61938/— एवं शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता 3800/— रुपये कुल 65738/— रुपये अधिक भुगतान किया गया जो कि सम्बंधित कर्मचारी से वसूल कर पालना से अवगत करावें। | 65738/— |
| 2 | श्रीमती मीनाक्षी जैन व्याख्याता को वेतनमान 2018 के एरियर में मकान किराया भत्ता व शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता का अनियमित भुगतान राशि 55,730/— | कॉलेज लेक्चरार लाईब्रेरियन व पीटीआई के लिए संशोधित वेतनमान नियम 2018 के तहत माह अक्टूबर 2017 से जुलाई 2018 का वेतन एरियर बिल संख्या 39 दिनांक 08/09/2019 के द्वारा भुगतान किया गया। जिसकी जाँच में पाया कि श्रीमती जैन को मकान किराया भत्ता वाई श्रेणी के शहर में पदस्थापन का मानकर 16 प्रतिशत देय बताकर भुगतान किया गया। जबकि इनकी सेवा पुस्तिका अनुसार श्रीमती जैन इस महाविद्यालय में 9/7/2018 को उपस्थिति दी इससे पूर्व कन्या महाविद्यालय भीलवाड़ा में कार्यरत | 55730/— |



